हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 15 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री


4
पेट्रोल पंप संचालकों को सीमित मात्रा में ईंधन वितरण का मौखिक निर्देश




**खबर संक्षेप**

### ओएचई तार टूटने से घंटों प्रभावित रही अंबिकापुर-अनूपपुर रेल लाइन

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-अनूपपुर रेल मार्ग पर टेंगनी और शिवप्रसाद नगर स्टेशन के बीच ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) तार टूट जाने से बुधवार को कई घंटों तक रेल यातायात प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार रेल लाइन पर लगे ओएचई सिस्टम में विद्युत प्रवाह के लिए उपयोग किए जाने वाले इंसुलेटर के फट जाने से काउंटर वेट नीचे गिर गया। इसके चलते ओवर हेड तार टूट गई और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली प्रवाह रुकने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन तत्काल रोकना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे का विद्युत अमला टावर कार के साथ मौके पर पहुंचा और युद्धस्तर पर सुधार कार्य शुरू किया । तकनीकी खराबी के कारण दोपहर की मेमू ट्रेन को सूरजपुर स्टेशन में रोकना पड़ा, वहीं शाम की शहडोल–अंबिकापुर एवं अंबिकापुर–शहडोल मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया गया। इसका असर अन्य यात्री और मालगाड़ियों के संचालन पर भी पड़ा है। देर शाम मरम्मत कार्य के बाद दिल्ली–अंबिकापुर ट्रेन को अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार देर रात तक सुधार कार्य पूरा कर लिए जाने की संभावना है, जिसके बाद इस रूट पर रेल यातायात सामान्य हो जाएगा।

### इण्डस्ट्रियल एरिया में सीटी ब्लास्ट, आधे शहर में अंधेरा

**अम्बिकापुर।** शहर विद्युत संभाग द्वारा टाउन फीडर में मेंटेनेंस के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित पावर ट्रांसफार्मर का सीटी तेज धमाके के साथ उड़ गया साथ ही कई स्थानां का जम्पर बलास्ट हो गया। शाम में हुई इस तकनीकी खामी के कारण विभाग निर्धारित समय शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं कर सका जिसके कारण आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपकरणों में आ रही खराबी एवं भीषण गर्मी के बीच आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर शहर विद्युत संभाग द्वारा बुधवार को टाउन फीडर का मेंटेनेंस कराने का निर्णय लिया था। मेंटेनेंस कार्य के लिए विभाग द्वारा एक दिन पूर्व ही टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित करने की सूचना दी गई थी। मेंटेनेंस के दौरान शाम 5 बजे विद्युतकर्मी इंडस्ट्रीयल एरिया में सुधार कार्य कर रहे थे तभी विद्युत उपकेन्द्र का सीटी ब्लास्ट हो गया साथ ही जगह-जगह के जम्फर भी क्षतिग्रस्त हो गए। विद्युतकर्मी ब्लास्ट हुए सीटी एवं जम्पर को बदलने में देर रात तक व्यस्त रहे। इस विद्युत उपकेन्द्र में आई तकनीकी खराबी के कारण देर रात तक आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोग गर्मी एवं उमस से परेशान रहे। लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। अंधेरा छाने के कारण शहर में चारों तरफ सन्नाटा पसरा रहा।

## खुशियों के बीच बना चीख-पुकार का माहौल

# बारातियों से भरा पिकअप वाहन पलटा, 21 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे बारातियों से भरा एक पिकअप वाहन घोरडेगा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर घायल लोग मदद के लिए तड़पते नजर आए।

स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को वाहन से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, बाराती मलसेमा गांव से बलरामपुर जिले के दुर्गापुर जा रहे थे। इसी दौरान बगीचा थाना क्षेत्र के घोरडेगा के पास तेज रफ्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कुल 21 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने पिकअप में दबे लोगों को बाहर निकल की मदद**





### अचानक पलटी गाड़ी मच गई अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिकअप वाहन में क्षमता से ज्यादा लोग सवार थे। घोरडेगा के पास वाहन अचानक अनियंत्रित हुआ और सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई घायल सड़क पर गिर पड़े और बच्चों व महिलाओं की चीखें सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल बगीचा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है। पुलिस वाहन चालक से भी पूछताछ कर रही है।

### घायलों को किया अंबिकापुर रेफर

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। वहीं अन्य 18 घायलों का इलाज बगीचा अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### अस्पताल पहुंचे अधिकारी जाना हालचाल

हादसे की खबर मिलते ही बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। अधिकारियों ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश भी दिए।

## कोतबा में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नगर पंचायत कोतबा में आयोजित किया गया। जिसमें कोतबा के जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव, जिला स्तरीय अधिकारी ब्लॉक लेवल अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में जनप्रतिनिधियों और नगर वासियों लगभग 500 लोगों ने नशा मुक्ति अभियान की शपथ ली। शिविर में विभिन्न विभागों के 104 मांग शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं।

■ शिविर में 104 आवेदन प्राप्त हुए

कस्तूरा में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान ग्राम पंचायत कस्तूरा में आयोजित सुशासन तिहार के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शिविर स्थल एवं धान मंडी परिसर में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड दुलदुला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सरपंच, सचिव सहित स्वच्छाग्रहियों ने श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। सभी ने मिलकर स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण का संकल्प लेते हुए नियमित साफ-सफाई और जनभागीदारी से गांव को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।

### चोंगरीबहार में 4 बच्चों का अन्नप्राशन

ग्राम चोंगरीबहार में सुशासन शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा 4 बच्चों का अन्नप्राशन और 8 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा जनपद पंचायत कांसाबेल की अध्यक्ष सरिता भगत जनपद पंचायत कांसाबेल के उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता दिनेश प्रसाद, रवि यादव, सरोज आपट बीडीसी रश्मि चौहान मोतीलाल भगत पूर्व जनपद अध्यक्ष संजय सिंह नंदलाल यादव परशु चक्रेश रामपुकार रवानी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी योगेश भगत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खरीफ विपणन की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत जशपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने आज आगामी खरीफ सीजन 2026 की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक उपस्थित रहे।

■ बीज-उर्वरक की गुणवत्ता और अवैध भंडारण पर निगरानी के दिए निर्देश

'बैठक के मुख्य रूप से खरीफ सीजन हेतु बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों की उपलब्धता, गुणवत्ता, नैनो यूरिया उपयोग' और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त आदान उपलब्ध कराने तथा अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। खरीफ सीजन से पहले उर्वरक, बीज व कीटनाशकों के सैंपल शीघ्र लेने और गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। उर्वरक निरीक्षकों को लक्ष्य अनुसार नियमित निरीक्षण व सैंपलिंग के निर्देश दिए गए। उर्वरक नियंत्रण आदेश, सैंपलिंग प्रक्रिया, गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सभी उर्वरक निरीक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। खरीफ 2026 में दलहन, तिलहन, मोटे अनाज व अन्य वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई। आरएईओ वार उच्च धान रकबा वाले गांवों व कृषकों की सूची तथा धान रकबा का मैप तैयार करने के निर्देश दिए गए। किसानों को जल संरक्षण आधारित खेती का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया।

विकासखंड कांसाबेल में कम फील्ड कवरेज पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण और किसानों से सीधा संपर्क बढ़ाने को कहा गया। कृषक उन्नति योजना के तहत 11,000 प्रति एकड़ आदान सहायता के वितरण, पात्र किसानों का पंजीयन व सत्यापन समय पर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम धन-धान्य कृषि योजना, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक-प्राकृतिक खेती, कृषि यांत्रिकीकरण' एवं 'दलहन-तिलहन विस्तार' कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों ने जमकर मचाया उत्पात, एक दूसरे पर बरसाए डंडे

**अंबिकापुर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। आलम यह है कि शहर के बीच चौक पर लोग लाठी डंडा लेकर उत्पात मचा रहे है और इसकी सूचना पुलिस को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही कुछ मामला बुधवार को शहर के बीच देखने को मिला। कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच ठेला गुमटी लगाने को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए। इस दौरान आम लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज किया गया है। बता दें कि शहर के जिला कलेक्टर कार्यालय और जिला सत्र न्यायालय के बीच बड़ी संख्या में ठेला गुमटी का संचालन किया जाता है। लोग ठेला गुमटी के साथ ही जमीन पर बैठकर फल सब्जी व अन्य सामान बेचते है। हालांकि यह नो वेंडिंग जोन है जहां इस तरह से दुकान लगना मना है ।

## घर में घुसा दरिंदा, 72 साल की बुजुर्ग महिला से मारपीट कर किया रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। गांव में सामाजिक कार्यक्रम से लौटकर घर पहुंची 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में देर रात एक युवक जबरन घुस गया। आरोपी ने पहले महिला से मारपीट की, फिर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। किसी तरह बुजुर्ग महिला उसके चंगुल से छूटकर घर के बाहर निकली और शोर मचाया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे जशपुर पुलिस ने रायगढ़ जिले से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी अनुसार घटना 9 मई की रात की है। पीड़िता गांव में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी।



■ चीख सुन भागा, रायगढ़ से गिरफ्तार

रात करीब 9 बजे वह खाना खाकर घर लौटी और सोने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान आरोपी महिमा प्रकाश मिंज उम्र 26 वर्ष जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि उसने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 64(1), 115(2) और 332(बी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर और टेक्निकल टीम से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र स्थित अपने गृह ग्राम में छिपा हुआ है। इसके बाद डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर विशेष टीम रवाना की गई। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया और जशपुर लाकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर 13 मई को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं दोनों कक्षाओं में शानदार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं।

कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। योग्यता सिंह ने 96.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शील आदित्य ने 95.8% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्राण्या जैन ने 95.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वाणिज्य संकाय में अमितेश पाठक ने 97.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रियांशु मिश्रा ने 95% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा स्मृति कुमारी ने 94.4% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में आदित्य अग्रवाल ने 94.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंकित गुप्ता ने 86.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि वर्षा रानी सिंह ने 86% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय के अनुशासित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

## शिविरों की तिथियों में परिवर्तन

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले शिविरों की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बगीचा अंतर्गत पण्डरापाठ पंचायत भवन के पास सेक्टर में पूर्व निर्धारित 15 मई के स्थान पर अब 16 मई को शिविर आयोजित किया जाएगा।

इस शिविर में पण्डरापाठ, छिरोडीह, खखरा, महनई, सुलेसा दनगरी, भड़िया, मुढ़ी, सारूढाब, सोनगेरसा, गायबुड़ा, छिछली श्रश, रौनी, कुरकुरिया, सरधापाठ, देवडांड़ और रोकड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत मनोरा के रेमने सेक्टर में आयोजित शिविर की तिथि 15 मई से संशोधित कर 19 मई कर दी गई है। इस शिविर में करडीह, अलोरी, तालासिली, ओरकेला, पटिया, रेमने, पंडरसिली, सोनक्यारी, गीधा, अंधरझर, बहेरना, बेंजोरा, खम्हली, कारादरी और अजधा के ग्रामवासी शामिल रहेंगे। जनपद पंचायत पत्थलगांव के घरजियाबथान सेक्टर में आयोजित शिविर की तिथि 15 मई से संशोधित कर 20 मई की गई है। इसमें खरकट्टा, खारढोढ़ी, घरजियाबथान, चंदागढ़, चन्दरपुर, डुमरबहार, तमता, तिरसोंठ, सुरजगढ़, शेखरपुर, रघुनाथपुर, बिलडेगी, बटुराबहार, बनगांव बी, बालाझर, कुड़केलखजरी और पण्डरीपानी के ग्रामीण शामिल होंगे।

जनपद पंचायत फरसाबहार के खारीबहार सेक्टर में पूर्व निर्धारित 15 मई के स्थान पर अब 02 जून को शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में बाबु साजबहार, अंकिरा, भेजरीडांड, सिकिरमा, गारीघाट, झारमुण्डा, खारीबहार, कोरंगामल, लवाकेरा, फरदबहार, दलटोली, बारो और कोनपारा के ग्रामीण शामिल रहेंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं आवेदन प्रस्तुत करने तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## कुम्दा रोड स्थित हुए सड़क हादसे में किराना व्यापारी की मौत

**बिश्रामपुर।** कुमदा-बिश्रामपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में शिवनंदनपुर निवासी किराना व्यवसायी कमलेश चौबे (59 वर्ष) की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार कमलेश चौबे की बस स्टैंड बिश्रामपुर में किराना एवं पान मसाला की रिटेल दुकान है।

बुधवार की सुबह वे अपने बाइक से पेमेंट रिकवरी करने कुमदा-कसकेला क्षेत्र गए हुए थे जिसे पूरा कर वापस बिश्रामपुर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान कुम्दा रोड समीप बाबा मस्तनाथ मंदिर से लगभग एक किलोमीटर आगे पीछे से आ रही महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 0413 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक तेज गति एवं लापरवाही से चला रहा था।तेज गति से टक्कर लगने से व्यवसाई कमलेश चौबे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं,राहगीरों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया,पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है,घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन छोड़ कर भाग निकला,प्राप्त जानकारी अनुसार स्कार्पियो वाहन में सवार एक अन्य युवक को भी गंभीर चोटे आई है जिसका इलाज जारी है, स्कार्पियो वाहन कसकेला गांव की बताई जा रही है,पोस्टमार्टम के बाद स्व. चौबे का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया,अंतिम संस्कार के लिए परिजन शव लेकर उनके गृह ग्राम हासनदाग, मेराल जिला गढ़वा (झारखंड) रवाना हो गए हैं।

### कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, कौशल्या साय हुईं शामिल

# जगन्नाथ मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दोकड़ा के ऐतिहासिक प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में स्थापना के प्रथम वर्षगांठ महोत्सव 2026 का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ।

तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ हजारों की संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।कलश यात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से हुआ, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना ⏭ शेष पेज 4 पर



**दीक्षाभंजन एवं नगर भ्रमण के साथ कार्यक्रम का समापन:** महोत्सव के अंतिम दिन पहले पूर्णाहुति, दीक्षाभंजन एवं नगर भ्रमण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह एवं बलराम भगत ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता को और मजबूत करने का कार्य करेगा।मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट, पारंपरिक ओडिशा शैली की झांकियों एवं धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, बैठने एवं प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है।क्षेत्रवासियों ने कहा कि श्री जगन्नाथ महाप्रभु की कृपा से यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है। श्रद्धालुओं में महोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री एवं धर्मपत्नी ने रखी थी मंदिर की नींव

मंदिर के नव निर्माण एवं भव्य स्वरूप के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय द्वारा मंदिर की नींव रखी गई थी। उनके संरक्षण एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह धार्मिक धरोहर आज भव्य रूप में स्थापित हो सकी है।

### आस्था और इतिहास का प्रतीक

दोकड़ा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत केंद्र बन चुका है। मंदिर से जुड़ा इतिहास भी अत्यंत गौरवशाली और प्रेरणादायक रहा है।




## खबर संक्षेप



### तेंदू पत्ता संग्रहणकर्ता महिलाओं का पांव पखार कर किया गया सम्मानित

राजपुर। वनोपज संग्रहन कार्य के तहत तेंदूपत्ता सीजन की शुरुआत 11 मई से क्षेत्र के विभिन्न फड़ों में पूजा-अर्चना एवं संग्रहकों के सम्मान के साथ की गई। इसी क्रम में ओकरा फड़ में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संग्रहणकर्ता महिलाओं के सम्मान में पांव पखार कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक सुरेश सोनी, जिला यूनियन अध्यक्ष लालसाय मिंज एवं फड़ मुंशी सहित अन्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ कराया। इस दौरान नारी शक्ति के सम्मान की परंपरा निभाते हुए संग्रहक महिलाओं का स्वागत एवं पांव पूजा की गई। प्रबंधक सुरेश सोनी ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण परिवार इस सीजन को उत्सव की तरह मनाते हैं और पूरे उत्साह के साथ संग्रहण कार्य में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता से मिलने वाली आय ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहारा बनती है। लालसाय मिंज ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण तेंदूपत्ता कार्य से इतने जुड़े हुए हैं कि कई बार शादी-विवाह एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रम भी तेंदूपत्ता सीजन समाप्त होने के बाद ही आयोजित करते हैं। उन्होंने संग्रहकों से कहा कि अच्छी गुणवत्ता वाले पत्ते ही फड़ों में जमा करें तथा प्रत्येक संग्रहक कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता बेचने का प्रयास करें।

### पूनम दुबे की पुस्तकों का हुआ विमोचन



अम्बिकापुर। मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा स्थानीय भारतेन्दु भवन में पुस्तक-विमोचन का आयोजन किया गया। कवयित्री पूनम दुबे वीणा की दो पुस्तक मलय-रागिनी और सरगुजा कर छइयां-भुइयां का विमोचन किया गया। यह किताब हिन्दी व सरगुजिहा भाषाओं में लिखी गई हैं। समारोह के अध्यक्ष साहित्यकार बबन पांडेय ने कहा कि गीतात्मक शैली में लिखी गईं ये किताब अपने कथ्य और शिल्प दोनों स्तरों पर सफल हैं। इनमें देश, समाज, परिवार, परिवेश और प्रकृति के साथ माननीय भावनाओं, संवेदनाओं और सरोकारों की अभिव्यक्ति सरल-सुबोध भाषा-शैली में बड़े ही सुंदर व प्रभावी ढंग से की गई है। पुस्तकें पठनीय और संग्रहणीय हैं। मुख्य अतिथि राजभाषा आयोग के सरगुजा जिला समन्वयक राजेश तिवारी का कहना था कि पूनम दुबे की कविताओं में देश की संस्कृति, मानवीय रिश्तों के ताने-बाने के साथ प्रेम, श्रृंगार, राष्ट्रभक्ति, गुरुमहिमा, ईश-आराधना, मानवीय व्यवहार, ऋतु वर्णन, तीज-त्यौहारों तथा समाज की विभिन्न समस्याओं का जीवंत चित्रण किया गया है। कार्यक्रम को साहित्यकार सुरेश जायसवाल, बीडी लाल, डॉ. उमेश पांडेय और विनोद हर्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे ने किया। इस अवसर पर डॉ. सपन सिन्हा, श्यामबिहारी पांडेय, मुकुन्दलाल साहू, अजय सागर, जय गुप्त, सच्चिदानंद पांडेय, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चन्द्रभूषण मिश्र, आशा पांडेय, माधुरी जायसवाल, कृष्णकांत पाठक, राजेश पांडेय, प्रकाश कश्यप, गीता दुबे, रामलाल विश्वकर्मा, रंजीत सारथी, सीमा तिवारी, अंजू पांडेय, गीता द्विवेदी, केके त्रिपाठी, शिरीन खान, अंजली चौबे व अन्य उपस्थित रहे।

### बतौली क्षेत्र के पेट्रोल पंप में डीजल की शॉर्टेज, भटक रहे लोग

अम्बिकापुर। बतौली क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप में डीजल की कमी से वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन स्वामियों को डीजल डलवाने पेट्रोल पंप के चक्कर काटना पड़ रहा है जहां डीजल ड्राई होने से वाहन चलाना दूभर हो जा रहा है ।बतौली क्षेत्र में तीन पेट्रोल पंप है जहां डीजल की कमी से लोग वाहन लेकर पेट्रोल पंप का चक्कर काट रहे है। खाड़ी देशों के युद्ध का सीधा असर अब छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। जहां कभी पेट्रोल तो कभी डीजल की कमी ने वाहन स्वामियों की चिंता बढ़ा दी है। शादी विवाह, ठेकेदारों का निर्माण कार्य, शासकीय कार्यालयों में चल रहे वाहन ,खेती किसानी कर रहे ट्रैक्टर ,बड़े बड़े जेसीबी मशीन डीजल की कमी से इन पर सीधा असर पड़ रहा है। बतौली क्षेत्र के मंगारी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में स्थित पेट्रोल पंप में डीजल ड्राई हो गया है जिससे आवागमन कर रहे लोग डीजल के लिए तरसते नजर आए। बासेन स्थित पेट्रोल पंप में डीजल सीमित मात्रा में सबका ध्यान रखते हुए दिया जा रहा है जिससे लंबा सफर पर जा रहे वाहन सवार डीजल अधिक मात्रा में लेने के लिए निवेदन करते नजर आए, जबकि बतौली के पेट्रोल पंप में भी सीमित मात्रा में डीजल मिलने से लोगों को गंभीर समस्या हो रही है।

### पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर में लॉटरी के माध्यम से हुआ प्रवेश चयन

प्रेमनगर। पीएम श्री सेजेस प्रेमनगर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विद्यार्थियों के प्रवेश चयन के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार माधुरी अंचला रहीं। उनके द्वारा लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमनगर सतीश साहू,एसएमडीसी अध्यक्ष सत्यम विश्वकर्मा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया जगते उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए कर देते है रेफर

# रामानुजगंज 100 बिस्तरीय अस्पताल में नहीं विशेषज्ञ डॉक्टर और ऑपरेशन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- 92 साल पुराना अस्पताल, लेकिन सुविधाएं आज भी अधूरी

क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 1934 में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज आज भी मूलभूत व्यवस्था के लिए संघर्ष कर रहा है। लगभग 92 वर्षों का लंबा सफर तय करने के बावजूद अस्पताल आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से कोसों दूर दिखाई दे रहा है। तीन वर्ष पूर्व बड़े उत्साह और उम्मीदों के साथ यहां 100 बिस्तर अस्पताल का दर्जा तत्कालिक सरकार द्वारा दिया गया, लेकिन अस्पताल आज तक 100 बिस्तर के मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो सका है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अस्पताल को 100 बिस्तर का दर्जा तो दिया गया, लेकिन उसके अनुरूप न तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हुई और न ही आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। हालत यह है कि अस्पताल में आज भी मरीजों को केवल सामान्य सर्दी, खांसी और बुखार का ही इलाज मिल पा रहा है। गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर, रायपुर अथवा अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। 100 बिस्तर अस्पताल बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत है। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा एनेस्थेटिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। गरीब और ग्रामीण परिवारों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। कई बार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिलने से गंभीर परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ता है।



100 बिस्तरीय अस्पताल।

### 92 वर्षों बाद भी शुरू नहीं हो सकी ऑपरेशन सुविधा

रामानुजगंज अस्पताल की स्थापना के 92 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां नियमित रूप से ऑपरेशन की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर तो बनाया गया है, लेकिन विशेषज्ञ सर्जन, एनेस्थेटिस्ट और तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण ऑपरेशन कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि प्रसव के जटिल मामलों से लेकर दुर्घटना में घायल मरीजों तक को रेफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल में ऑपरेशन सुविधा शुरू हो जाए तो हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

#### मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानियां

अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण रोजाना मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार डॉक्टरों की अनुपस्थिति में मरीज घंटों इलाज के इंतजार में बैठे रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों का कहना है कि 100 बिस्तर अस्पताल बनने के बाद उन्हें लगा था कि अब बड़े शहरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, लेकिन आज भी छोटी से छोटी गंभीर बीमारी के लिए बाहर जाना मजबूरी बनी हुई है।

### 100 बिस्तर का दर्जा मिला लेकिन सुविधा नहीं

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर अस्पताल भवन तो बना दिया गया, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उसका पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। क्षेत्रवासियों की मांग है कि रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल को केवल नाम का अस्पताल न बनाकर वास्तव में सुविधायुक्त अस्पताल बनाया जाए, ताकि लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

#### स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। लोगों ने अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, ऑपरेशन सुविधा शुरू करने, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि रामानुजगंज क्षेत्र आदिवासी और ग्रामीण बहुल इलाका है, जहां बड़ी संख्या में गरीब परिवार निवास करते हैं। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



## सर्व ब्राम्हण समाज ने विधायक से की मुलाकात, भेंट किया विप्र दर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में बनने वाले भगवान परशुराम मंदिर समेत अन्य विषयों पर चर्चा करने सर्व ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रामकुमार टोप्पो से मुलाकात की। इस दौरान सर्व ब्राम्हण समाज ने गमछा पहनकर विधायक का अभिनंदन किया। इसके बाद ब्रजेश ओझा के प्रयासों से प्रकाशित की गई सर्व ब्राम्हण समाज की पत्रिका विप्र दर्पण भेंट की गई।

इस दौरान सर्व ब्राम्हण समाज ने आदर्शनगर में बनने वाले भगवान परशुराम मंदिर समेत अन्य सम सामयिक विषयों पर विधायक से चर्चा की और उनका पक्ष जाना। चर्चा के दौरान विधायक ने विप्र दर्पण के लिए सर्व ब्राम्हण समाज विशेषकर ब्रजेश ओझा को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पत्रिका के माध्यम से हम सभी को समाज एवं क्षेत्र के बारे में भरपूर जानकारी प्राप्त होती है। सामाजिक पत्रिका के माध्यम से हम यह जान पाते है कि इस समाज के लोगों ने सर्व समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान किस रूप में दिया है। इसके अलावा हमे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति संरचना संस्कृति एवं धरोहर के बारे में पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। इससे हम अपने बुजुर्गों से अपनी सभ्यता से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। सर्व ब्राम्हण समाज से चर्चा के दौरान उन्होंने परशुराम मंदिर निर्माण पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मैं इस अभियान का हिस्सा बन पाऊंगा ये मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष के पी त्रिपाठी, सचिव उदयनारायण ओझा, नागेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, उमेश मिश्रा, सुशील मिश्रा, ब्रजेश ओझा, हेमनाथ शुक्ला, पुरुषोत्तम पुरोहित, अनिल उपाध्याय, छोटू चौबे, धर्मपाल पांडेय आदि उपस्थित थे।

### करंजवार जंगल में लगी आग हवा के साथ फैल रही आग

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र से लगे करंजवार जंगल में लगी आग से हरे भरे बहुमूल्य पौधे जलकर राख हो रहे। साथ ही वन्यजीव की आशियाने पर भी असर पड़ा है। आग से वन विभाग की लापरवाही को पोल खुल गया है। आग तेजी से जंगल की ओर फैल रहा है। प्रतापपुर अंबिकापुर सड़क किनारे नगर पंचायत क्षेत्र के लगे हुए ग्राम करंजवार जंगल में अज्ञात कारण से सड़क किनारे भीषण आग लग है जो तेज धुआं और हवा के वजह से तेजी से आग जंगल की ओर फैलने लगा है। आग लगने से छोटे-छोटे पौधे जलकर राख हो गए है। इस विषय में एसडीओ वन विभाग संस्कृति बारले ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम रवाना हो चुके हैं। उम्मीद है कि देर रात तक आग पर काबू कर लिया जाएगा।



### पोड़ी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल शुरू, पुलिस लाइन पर्री ने मारी बाजी



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत पोड़ी में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मुकाबला शुरू हुआ। प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच पर्री इलेवन और कुंज नगर की टीम के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पर्री इलेवन पुलिस टीम ने निर्धारित 8 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 67 रन का लक्ष्य दिया। टीम के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत करते हुए विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुंज नगर की टीम शुरुआत से ही संघर्ष करती नजर आई। पर्री इलेवन के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए लगातार विकेट हासिल किए और कुंज नगर की पूरी टीम 58 रन पर ऑल आउट हो गई। इस जीत के साथ पुलिस लाइन पर्री की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

## नीट पेपर लीक प्रशासनिक चूक नहीं, लाखों परिवारों के आशाओं की हत्या : आदित्येश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के बार-बार निरस्त होने पर केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने इसे देश के करोड़ों युवाओं के साथ संगठित विश्वासघात करार देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरगुजा जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्र बड़ी मुश्किल से कोचिंग और किताबों का खर्च उठाते हैं। 2024 की गलतियों को दोहराना यह साबित करता है कि प्रशासनिक तंत्र में सुधार की कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखती है। यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आशाओं की हत्या है। हम मांग करते हैं कि एनटीए के पूरे सिस्टम में पूर्ण सुधार किया जाए और इस बार जवाबदेही केवल कागजों तक सीमित न रहे।

आदित्येश्वर ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा यह अत्यंत शर्मनाक है कि 2024 के बड़े विवाद और पेपर लीक के बावजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपने ढांचे में कोई सुधार नहीं किया। जिस संस्था के पास 25 राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं आयोजित करने के लिए मात्र 25 स्थायी सदस्य हों और जो पूरी तरह निजी आउटसोर्सिंग के भरोसे चल रही हो, उससे पारदर्शिता की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल विज्ञापनों में चलती है, हकीकत में यह युवाओं के सपनों को कुचलने वाला इंजन बन चुकी है। 2024 की गलतियों से सबक न लेना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार के पास न तो कोई विजन है और न ही युवाओं के प्रति कोई संवेदना। केवल जांच का ढोंग करने से काम नहीं चलेगा; जब तक शिक्षा मंत्री नैतिक जिम्मेदारी लेकर अपना पद नहीं छोड़ते, तब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा। आदित्येश्वर ने इस पूरे प्रकरण की समयबद्ध न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों के छात्रों का भविष्य इस 'भ्रष्ट सिस्टम' की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा।



### अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर हुआ मातृ सम्मान कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** खट्टी मीठी किटी ग्रुप द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत घघरी में मातृ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महापौर मंजूषा भगत एवं गोल्डन सिंह के आर्थिक सहयोग में सहभागिता रहा। कार्यक्रम के दौरान 40 माताओं और बच्चों के सम्मान में उन्हें साड़ी, मिठाई एवं बिस्किट वितरित किया गया। समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण के प्रति सदैव सक्रिय और समर्पित खट्टी मीठी किटी समूह मातृ शक्ति, सम्मान एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण माताएं एवं बच्चे सहित लगभग 80 से 90 लोगों की उपस्थिति में सफल कार्यक्रम के रूप में सभी उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस दौरान अंजू सरकार, सुधा मंडल, शर्मिला बैरागी, अंजू गोलदार, सुमनदास गुप्ता, सुभद्रा हालदार, कीर्ति एवं चंदा उपस्थित थीं।

## अटल परिसर की व्यवस्था चरमराई, शाम ढलते ही घुप अंधेरे में डूब जाता हैं परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में वार्ड क्रमांक 10 में बनाया गया अटल परिसर अव्यवस्था का शिकार हो गया। देखरेख एवं साफ सफाई के अभाव में अटल परिसर के चारो तरफ गंदगी बिखरा पड़ा है। आलम यह है कि शाम ढलते ही अटल परिसर पूरी तरह घुप अंधेरे में डूब जाता है। अटल परिसर की ऐसी दुर्दशा से नगरवासी खासे नाराज है।उन्होंने इस दुर्दशा के लिए नगर पंचायत को जिम्मेदार ठहराते हुए अटल परिसर की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

विदित हो कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के स्मृतियों को सहेजने नगर पंचायत द्वारा वार्ड कमांक 10 में अटल परिसर का निर्माण कराया गया है। इस निर्माण का मुख्य उद्देश्य नगर में सुशासन और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने उनके आदर्श एवं राष्ट्रवादी विचारों से युवा पीढ़ी को अवगत कराने समेत अटल परिसर को सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनाना था। इसके अलावा परिसर के आसपास पार्क का विकास एवं नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। इसी सकारात्मक सोच के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर अटल परिसर का लोकार्पण किया गया था। लोकार्पण के बाद काफी दिनों तक यहां सब कुछ ठीकठाक था। रात होते ही दूधिया रोशनी से अटल परिसर जगमगा उठता था लेकिन जैसे जैसे दिन बितता गया अटल परिसर में अव्यवस्था हावी हो गई। देखरेख एवं साफ सफाई के अभाव में अटल परिसर के चारो तरफ गंदगी फैल गई। परिसर शाम ढलते ही घुप अंधेरे में समा जाता है। आज कई दिन हो गए अटल परिसर का ये हाल हुए पर अभी तक किसी की नजर इस ओर नही गया और न ही किसी ने इसकी सुध ली जबकि नगर पंचायत में अध्यक्ष समेत पंद्रह पार्षदों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों की भारी भरकम फौज है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बने अटल परिसर के प्रति जिम्मेदार नगर पंचायत का उदासीन रवैया देख नगरवासियों में काफी आक्रोश है। नगरवासियों का कहना है कि अटल परिसर की इस बदहाली के लिए नगर पंचायत जिम्मेदार है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा दिन के उजाले में तो ठीक है पर कही रात के अंधेरे में किसी ने अटल जी की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर दी या किसी तरह का नुकसान पहुंचा दिया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। नगर के लोगो ने बदहाल अटल परिसर की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है ताकि अटल परिसर का उद्देश्य पूरा हो सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने तत्काल मरम्मत की बात कही है। उन्होंने कहा कि इसमे जिसकी भी लापरवाही सामने आयेगी उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## पहली कक्षा में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया से 19 सीटों पर विधार्थियों का चयन

बिश्रामपुर। पीएम श्री सेजस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 9 मई तक संचालित की गई थी जिसमें 93 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 84 आवेदन पात्र सूची में शामिल किए गए तथा 9 आवेदन अपात्र घोषित किए गए,पात्र एवं अपात्र सूची 12 मई को जारी की गई थी, विद्यालय में नए सत्र हेतु कुल 19 सीटों पर प्रवेश लिया जाना था। इनमें से 5 सीटें मुख्यमंत्री महतारी दुलारी योजना अंतर्गत आरक्षित थीं, जबकि शेष 14 सीटों के लिए लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई। इन सीटों पर एपीएल एवं बीपीएल श्रेणी अंतर्गत बालक एवं बालिकाओं का चयन किया गया। साथ ही 5 विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। यह संपूर्ण प्रक्रिया तहसीलदार सुश्री प्रियंका रवि,सभी एसएमडीसी सदस्य, प्राथमिक शिक्षा बेदरी स्कूल लिली नंदी तथा जयनगर सरपंच श्रीमती राधा बाई की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।




## पिछले तीन दिनों से शिवनन्दनपुर क्षेत्र से नहीं हुआ कचरे का उठाव, वार्डवासियों की बढ़ी परेशानी

# कुम्दा रेलवे फाटक स्थाई रूप से बंद होने के बाद शिवनन्दनपुर कचरा संग्रहण व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय के पास स्थित कुम्दा रेलवे फाटक को स्थाई रूप से बंद किए जाने के बाद शिवनंदनपुर नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा संग्रहण की व्यवस्था ठप्प पड़ चुकी है। पिछले तीन दिनों से नियमित कचरा कलेक्शन का कार्य पूर्ण रूप से बंद हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार कुम्दा रेलवे फाटक को गत 10 मई से स्थायी रूप से बंद कर आमजन एवं वाहनों की आवाजाही के लिए नव निर्मित ओवरब्रिज पर आवागमन खोल दिया गया है,वहीं रेलवे फाटक के दूसरी छोर स्थित नर्सरी क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा कचरा डंप किया जाता रहा है, अब फाटक बंद होने के बाद से स्वच्छता कर्मियों को रिक्शा के माध्यम से ओवरब्रिज की ऊंचाई चढ़कर दूसरी तरफ जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ये हाथगाड़ी रिक्शा से संभव हो नहीं पा रहा, बताया जा रहा है कि समस्या बढ़ने के बाद स्वच्छता कर्मियों के महिला समूह ने कचरा संग्रहण का कार्य अभी पूर्ण रूप से बंद कर दिया है,फाटक स्थाई रूप से बंद होने के पहले दिन संग्रहित कचरे को रेलवे पार नहीं ले जा पाने के कारण कुछ स्वच्छता कर्मियों ने एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने ही कचरा डंप कर दिया था,जिससे वहां तेज दुर्गंध फैल गई और कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को असुविधा हुई,बाद में एसईसीएल प्रबंधन की आपत्ति के बाद नगर पंचायत ने ट्रैक्टर लगाकर कचरा हटवाया।इधर, नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा संग्रहण बंद होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।कचरा संग्रहण व्यवस्था संचालित करने वाली महिला समूह ने बताया कि नगर पंचायत से अब तक ई- रिक्शा की सुविधा प्रदान नहीं कराई गई है जो कि काफी समय से प्रस्तावित है, तब तक के लिए कोई चार पहिया वाहन या ट्रैक्टर उपलब्ध होने पर ही संग्रहित किया कचरा का फेंकाव होना संभव है, कचरा संग्रहण का कार्य देखने वाले मजदूरों ने भी हाथगाड़ी रिक्शा से कचरा लोड कर डंपिंग जोन जाने में असमर्थता जताई है जिसके बाद से काम बंद कर दिया गया है।

### नपं गठन के डेढ़ साल बाद भी नहीं विकसित हो सका एसएलआरएम सेंटर

गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के गठन के करीब डेढ़ वर्ष बाद भी अब तक व्यवस्थित एसएलआरएम सेंटर विकसित नहीं किया जा सका है। पूर्व में पंचायत स्तर पर बनाया गया कचरा संग्रहण केंद्र भी घटिया निर्माण और देखरेख के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ऐसे में स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।मामले में शिवनन्दनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा ने बताया कि स्वच्छता दीदियों को कचरा उठाव के लिए ट्रैक्टर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में कचरा संग्रहण कराकर डंपिंग जोन में कचरा डम्प कराया जायेगा।



# वेलकम टू द जंगल से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार फिर से अपने मजेदार अंदाज में वापस आ गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर छा गया है। इसमें अक्षय कुमार बहुत स्टाइलिश और दमदार दिख रहे हैं। निर्माताओं के अलावा अक्षय कुमार ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'वेलकम टू द जंगल' का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस खास पोस्टर के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, 'अगली फिल्म वेलकम टू द जंगल।' फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में 30 से अधिक अभिनेताओं की एक बड़ी स्टारकास्ट है। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

लाइफ Style

# नोरा

## स्वर्ण आभूषण पहनकर जल देवी बनी आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वे सोने के आभूषणों से सजी किसी जल देवी जैसी लग रही हैं। नोरा फतेही अपने लुक और स्टाइल के मामले में अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। वे सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं।

अब वे अपने हालिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने अपनी कुछ मनमोहक फोटोज शेयर की हैं। इन्हें देखकर लगेगा मानो कोई दिव्य जल देवी हो। खुद नोरा भी अपने इस लुक की दीवानी हो रही हैं। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस लुक की दीवानी हो गई हूं। हम सोने के गहनों के जरिए एक भारतीय अंदाज वाली किसी दिव्य जल देवी जैसा रूप दिखाना चाहते थे, लेकिन साथ ही बॉडी टैटू के जरिए इसमें अमाजिग बर्बर संस्कृति का भी एक टच जोड़ना चाहते थे। दो अलग-अलग दुनियाओं के एक बेहद खूबसूरत मेल की झलक इस लुक में है'। बता दें कि अमाजिग बर्बर संस्कृति उत्तरी अफ्रीका की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। नोरा के इस लुक में जहां सोने के पारंपरिक आभूषणों से भारतीय संस्कृति की झलक नजर आ रही है। वहीं, बर्बर संस्कृति को उन्होंने जोड़कर इसे और खूबसरत बनाया है। नोरा फतेही ने कमरबंद से लेकर गले के मल्टी लेयर हार और झुमकों के साथ-साथ मुकुट भी पहना है। उनके इस लुक पर नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'अलग-अलग कल्चर को बहुत ही खूबसूरती से दिखाया है'।



## हॉलीवुड मसाला



# पीटर को मिला पाम डी ओर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** लॉर्ड ऑफ द रिंग्स ट्रिलॉजी के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक पीटर जैक्सन को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग सेरेमनी में पाम डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पीटर जैक्सन को ये अवॉर्ड लॉर्ड ऑफ द रिंग्स के अभिनेता एलिजा वुड ने प्रदान किया। पाम डी'ओर से सम्मानित होने के साथ ही पीटर जैक्सन इससे सम्मानित हस्तियों की सूची में शामिल होंगे, जिनमें एग्नेस वर्दा, मार्को बेलोचियो, जोडी फोस्टर, मेरिल स्ट्रीप और पिछले साल के विजेता रॉबर्ट डी नीरो शामिल हैं।



# दुखद अनुभवों को यादकर आज भी सिहर उठती हैं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस और सिंगर हेडन पैनेटीयर ने हॉलीवुड को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में एक्ट्रेस ने उन दिनों की दर्दनाक आपबीती सुनाई है, जब वह हॉलीवुड में कॅरियर शुरू कर रही थीं। हेडन बताती हैं कि तब वह महज 18 साल की थीं। वह कुछ ऐसे दुखद अनुभवों से गुजरी हैं, जिन्हें यादकर वह आज भी सिहर उठती हैं। उन्होंने बताया कि कैसे 'इंडस्ट्री' के उनके दोस्तों ने उन्हें एक 'मशहूर आदमी' के बिस्तर तक पहुंचा दिया था। वह यह सब बताते हुए रो पड़ीं। जे शेट्टी वीडियो में हेडन से उस वाकये का जिक्र करते कहते हैं, 'जब आपकी एक दोस्त आपको एक बोटी पर ले जाती है। आपको वहां एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता है जहां एक बुजुर्ग शख्स मौजूद होता है।



# शॉर्ट फिल्म उबाल में रोमांस करते दिखे


**मुंबई।** राजपाल यादव के पास इन दिनों काम की कमी नहीं है। वे बैक टू बैक दिलचस्प प्रोजेक्ट कर रहे हैं। इन दिनों उन्हें अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी मूवी 'भूत बंगला' में देखा जाएगा। इसके बाद वे 'उबाल-एक बुझी हुई प्रेम कहानी' में नजर आएंगे। 'उबाल' एक शॉर्ट फिल्म है। इसमें राजपाल यादव रोमांस करते दिखेंगे। राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट से मंगलवार को एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने 'उबाल' का एक वीडियो पोस्ट किया है। यह फिल्म 13 मई को रिलीज हो गई है। दर्शक इसे पिंक बॉम्बे यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। राजपाल यादव इसमें जिंदगी का पाठ पढ़ाते नजर आएंगें। फिल्म 'उबाल' का वीडियो काफी दिलचस्प है। इसमें दृश्यों के जरिए एक जोड़े की जिंदगी की झलक देखने को मिली है।



# एआई फिल्म वन-विदिशा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्ममेकर राही अनिल बर्वे की पिछली फिल्म 'मायासभा' और 'मन-पिशाच' का दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब अनिल ने अपनी एक और एआई बेस्ड फिल्म 'वन-विदिशा' की झलक सोशल मीडिया के जरिए दी है। 'मन-पिशाच' की तरह ही यह फिल्म भी जीरो बजट में बनी है। बर्वे ने इस एआई फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज किया। ट्रेलर के मुताबिक यह किसी जंगल में पनपते रहस्य की कहानी है। इसमें एक राजा है, एक अप्सरा है और एक मसखरा भी है। इन सब के साथ एक लड़की भी है जिसे दोबारा जीवित किया गया है। ट्रेलर किसी जंगल में रहने वाली लोककथा या कहानी पर आधारित लग रही है। किरदारों के कपड़ो के डिजाइन से भी ऐसा लग रहा है। पूरे ट्रेलर की बात करें तो यह फिल्म प्रकृति और लोक कथा का मेल मालूम होती है।


## टीवी मसाला



# नाराज मंदाना ने भारत छोड़ा कहा- यह मुश्किल होने वाला है!

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ दिया है। जी हां, एक्ट्रेस ने बेहद भावुक अंदाज में यह खबर साझा की है और बताया कि 16 साल बाद हिंदुस्तान छोड़ना उनके लिए एक कठिन फैसला है। ईरानी मूल की 37 साल की एक्ट्रेस ने भारत को अपना 'दूसरा घर' भी बताया। मंदाना करीमी ने यह बड़ा फैसला ऐसे समय में लिया है, जब बीते दिनों अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान वह लगातार अपनी बेबाक बयानी के कारण सुर्खियों में रही थीं। मार्च महीने में अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद मंदाना ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का जश्न मनाया था। एक्ट्रेस ने दावा किया कि खामेनेई ने ईरान की जनता को बहुत सताया है। 'भाग जॉनी' और 'क्या कूल हैं हम 3' की एक्ट्रेस मंदाना ने अपने भारत छोड़ने की खबर, एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए दी। मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था और न ही मुझे यकीन था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत।' एक्ट्रेस ने वीडियो में कहा, 'यह मुश्किल होने वाला है। लेकिन, भारत में लगभग 16 साल बिताने के बाद, आखिरकार... मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं... अब एक नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं। नया देश, नया घर, सब कुछ नया।' जब तक मैं बाहर नहीं निकल जाती, तब तक मैं ज्यादा जानकारी शेयर नहीं कर सकती।

## लोगों की सोच बदलनी है : रुहानिका



**नई दिल्ली।** टीवी पर कई साल तक 'छोटी रुही' के नाम से पहचानी जाने वाली रुहानिका धवन अब खुद को बिल्कुल अलग अंदाज में देखना चाहती हैं। स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में हिस्सा लेने जा रहीं रुहानिका धवन ने खुलकर अपनी इमेज और लोगों की सोच पर बात की। उन्होंने कहा कि लोग आज भी उन्हें वही टीवी वाली छोटी, रोने वाली लड़की समझते हैं, लेकिन इस शो के जरिए वो ये सोच बदलना चाहती हैं। रुहानिका ने कहा कि सच कहूं तो मुझे लग रहा है कि मैं अब सच में बड़े होने वाले फेज में पहुंच रही हूं। मैंने अभी तक सिर्फ टीवी किया है, ये मेरे लिए बिल्कुल अलग दुनिया है। मैं हमेशा ऐसी चीजों की तरफ भागती हूं जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें क्योंकि वहीं सबसे ज्यादा बदलाव होता है। मैं सबसे ज्यादा लोगों का रिएक्शन देखने के लिए उत्साहित हूं। मुझे अपने डर से लड़ते हुए देखेंगे। शायद पहली बार मुझे उस रूप में देखेंगे, जो जोखिम लेने से नहीं डरता।

# आलिया भारत पावेलियन के उद्घाटन पर पहुंचीं, साथ दिखे आशुतोष

**पेरिस।** 12 मई से 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई है। आलिया भट्ट भी वहां पहुंची हैं और अपने लुक से लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। उनका एक और लुक सामने आया है। वे भारत पवेलियन के उद्घाटन इवेंट पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ एक्टर-डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर भी दिखे। आलिया भट्ट ने आइवरी साड़ी में इवेंट में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने हर लुक में भारतीय संस्कृति का टच देने की कोशिश कर रही हैं। बीते दिन पीच कलर के गाउन के साथ उन्होंने दुपट्टा कैरी किया। वहीं, आज उन्होंने साड़ी पहनी है। इसके साथ माथे पर छोटी सी मैचिंग बिंदी ने उनके लुक को निखार दिया है। वहीं, हाथों में हाथफूल भी अलग ही दमक रहे हैं। आलिया भट्ट ने साड़ी के साथ बहुत तड़क-भड़क वाला मेकअप नहीं किया है। न ही हैवी ज्वैलरी पहनी है। मगर, उनका यह सिंपल लुक देसी छाप छोड़ रहा है। नोज रिंग उन्हें क्वीन वाइब दे रही है। ब्लाउज के डिजाइन ने थोड़ा मॉडर्न टच दिया है। यह पारंपरिक ब्लाउज के बजाय कोटीनुमा ब्लाउज है। आलिया भट्ट भारत पवेलियन पहुंचीं और उन्होंने आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और उसका क्रिएटिव विजन लॉन्च किया। आलिया एक विंटेज-स्टाइल छतरी थामे हुए पवेलियन की ओर बढ़ीं। उनके इस लुक में पुराने जमाने का आकर्षण साफ दिखा।



# फेयरी लुक में उर्वशी ने बिखेरा जादू ...

**पेरिस।** कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत कर रही हैं। पहले दिन आलिया भट्ट के अलावा उर्वशी रौतेला भी इस इवेंट में पहुंचीं। इस अभिनेत्री का लुक भी खूब चर्चा में बना रहा। उर्वशी रौतेला अपने फैशन सेंस, स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। मंगलवार को वह भी कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आईं। उनका लुक, स्टाइल सोशल मीडिया पर छा गया। उर्वशी का लुक फेयरी (परी) इंस्पायर्ड था। उनका ज्वेलरी और मेकअप लुक भी काफी हटकर नजर आया। उर्वशी ने इस खास इवेंट के लिए फेयरी (परी) इंस्पायर लुक चुना है। सिल्वर गाउन लुक में वह दमकती नजर आईं। यह गाउन पूरी तरह से बॉडी फिटेड था। उर्वशी ने ज्वेलरी भी ड्रेस से मैचिंग पहनी थी। हाथ में एक यूनीक स्टाइल का पर्स भी नजर आया। हेयर एसेसरीज के तौर पर भी क्राउन स्टाइल ज्वेलरी उर्वशी ने कैरी की थी। उर्वशी ने अपना आईमेकअप भी सिल्वर टोन में रखा था। हेयरस्टाइल में हाई बन बनाया हुआ था। जिससे उनका लुक पूरी तरह से परफेक्ट नजर आ रहा था। उर्वशी रौतेला के करियर फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' में नजर आएंगी।



## कान से कल्याणी की पहली झलक आई सामने

लोका चैप्टर 1 की अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में पहुंच चुकी हैं। फिल्म 'लोका' में अपने अभिनय से अखिल भारतीय स्तर पर पहचान हासिल करने वाली मलयालम अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंच चुकी हैं। वह जल्द ही कान के रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। अभिनेत्री ने फ्रेंच रिवेरा पहुंचने के बाद कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। हालांकि, वह अभी तक फेस्टिवल में नहीं पहुंची हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह 14 मई को फेस्टिवल में शामिल होंगी। निर्देशक प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी की कान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई हैं। इस दौरान कल्याणी ने पीले रंग के स्टाइलिश टॉप के साथ व्हाइट फ्रंट कट रंग की स्कर्ट कैरी की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। कल्याणी ने अपने लुक के अलावा कान से फ्रेंच रिवेरा के आसपास की कई शानदार तस्वीरें भी शेयर की हैं।



## आखिरी सांस तक रुकने नहीं दिया था अपनी कलम को

# कफन की जगह ओढ़े थे अखबार, अब्बास का ऐसा था अंतिम सफर

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का शहंशाह बनाने वाले फिल्ममेकर का नाम ख्वाजा अहमद अब्बास था। ख्वाजा एक लेखक, निर्देशक और पत्रकार थे। उन्होंने न केवल अमिताभ बच्चन जैसे महानायक को पर्दे पर उतारा था, बल्कि आखिरी सांस तक अपनी कलम को रुकने नहीं दिया था।*



### बिग बी के 'मामू जान ख्वाजा'

आज जिसे दुनिया सदी का महानायक कहती है, उस अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में पहला ब्रेक ख्वाजा अहमद अब्बास ने दिया था। जब वह 'सात हिंदुस्तानी' लिख रहे थे तब उनकी नजर अमिताभ के फोटो पर पड़ी थी। उन्होंने अमिताभ को मिलने बुलाया था। जब उन्हें पता चला कि अमिताभ, डॉक्टर हरिवंशराय बच्चन के बेटे हैं तो उन्होंने उन्हें खत लिखा था और उनकी अनुमति मांगी थी। डॉ. हरिवंशराय बच्चन की परमिशन मिलने के बाद उन्होंने अमिताभ को 5,000 रुपए में साइन किया था।

### रोंगटे खड़े कर देने वाली अंतिम इच्छा

ख्वाजा अहमद अब्बास का पत्रकारिता और अखबारों से ऐसा रिश्ता था कि मौत भी उन्हें उसे अलग नहीं कर पाई थी। दरअसल, ख्वाजा अहमद अब्बास ने अपनी वसीयत में लिखा था कि जब उनकी मृत्यु हो, तो उनके पार्थिव शरीर को कफन की जगह उनके लिखे हुए लेखों और न्यूजपेपर्स (अखबारों) से ढंका जाए। वह चाहते थे कि जिस पेशे ने उन्हें पहचान दी, वही उनके अंतिम सफर का साथी बने। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए, उनके सीने पर अखबारों की प्रतियां रखी गई थीं।

### राज कपूर और अब्बास की जोड़ी

सिनेमा की दुनिया में राज कपूर की सफलता के पीछे भी ख्वाजा अहमद अब्बास का हाथ था। उन्होंने राज कपूर के लिए आवारा, श्री 420 और बॉबी जैसी फिल्में लिखी थी। आवारा की कहानी ने न केवल भारत, बल्कि रूस में भी धमाका कर दिया था।

### न बंगला, न गाड़ी

इतनी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहने के बावजूद ख्वाजा अहमद अब्बास ने बेहद साधारण जीवन जिया था। उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही कोई आलीशान बंगला। वह बस की यात्रा करते थे और अपना सारा ध्यान समाज की कड़वी सच्चाई को कागज और पर्दे पर उतारने में लगाते थे।

### पैरालाइज होने के बाद भी नहीं रुकी कलम

ख्वाजा अहमद अब्बास को अपने काम से बहुत प्यार था। जब उनके शरीर के एक हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था और वह पैरालाइज हो गए थे, तब भी उन्होंने लिखना नहीं छोड़ा था। वह बोलकर अपने लेख लिखवाया करते थे। उन्होंने बॉम्बे क्रॉनिकल और फिर ब्लिट्ज' मैग्जीन में अपना मशहूर कॉलम 'लास्ट पेज' लगातार 40 सालों तक लिखा था।

## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने चढ़ गया पेड़ पर, गिरकर मौत

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र के मड़वाताल घाट के जंगल में दो वक्त की रोटी कमाने के लिए एक युवक तेंदूपत्ता संग्रह करने पेड़ पर चढ़ा था। इसी बीच करीब 50 फीट की ऊंचाई से वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। सत्यनारायण चक्रधारी कापू थाना क्षेत्र के आलोला गांव का रहने वाला था, जिसकी उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी के साथ बुधवार की सुबह करीब 6 बजे जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान करीब साढे 6 बजे पेड़ पर वह करीब 50 फीट ऊंचाई पर चढ़ कर पत्तियां तोड़ रहा था, इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे 50 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सूने मकान में लाखों की चोरी, तीन गिरफ्तार



**रायगढ़।** पुलिस ने सूने मकान में ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल, नगदी रकम, दो स्कूटी और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं। यह मामला विनोबा नगर का है, जहां निवासी संतोष कुमार देवांगन ने 9 मई को थाना चक्रधरनगर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 8 मई को वह परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जगन्नाथ मंदिर के ...

के साथ श्रद्धालुओं ने कलश धारण किया। इसके बाद यात्रा बस स्टैंड एवं नगर भ्रमण करते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में "हरे कृष्ण हरे राम" एवं जय जगन्नाथ के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान से अधिवास एवं कलश स्थापना संपन्न कराई गई।महोत्सव के तहत शुक्रवार 15 मई को सुबह 8 बजे से अखंड हरि नाम कीर्तन महायज्ञ एवं नामाचार का शुभारंभ होगा। सुप्रसिद्ध भजन गायक बांधेगे समा-आयोजन समिति के अनुसार ओडिशा, झारखंड सहित प्रदेश के प्रसिद्ध भजन एवं कीर्तन गायकों द्वारा संगीतमय हरि कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब जाएगा।तीन दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### पुलिस ने ढहा दिया सट्टे के काले कारोबार का किला, हवाला के जरिए बाहर भेजते थे रकम

# करन ने खड़ा किया दिल्ली से रायपुर-रायगढ़ तक ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य, दो शागिर्द करते थे ब्लैक मनी को व्हाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- एक करोड़ से अधिक नकदी, नोट गिनने की मशीन, मोबाइल जब्त, अवैधानिक वित्तिय लेन-देन के मिले सबूत
- संगठित अपराध की धाराओं में कार्रवाई, करन और उसके साथी बाप-बेटा पुष्कर व सुनील भी गिरफ्तार



करन चौधरी जिसे करन अग्रवाल के नाम से भी जाना जाता है। यह ऑनलाइन सट्टे का वह चर्चित नाम है जिसने दिल्ली से लेकर राज्य की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, तक अपना ऑनलाइन सट्टे का साम्राज्य खड़ा किया था। अपने नेटवर्क के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का संचालन कर रहा था। खास बात यह है कि सट्टे के काले कारोबार से मिले रकम को सीधे अपने पास न रखकर वह परिचित कारोबारियों, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य व्यावसायिक चैनलों के माध्यम से कैश डंप करता था। बाद में उसे हवाला चैनल के जरिए आगे ट्रांसफर किया जाता था। करन के नतृत्व में संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा केवल जुए तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए करोड़ों के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी का संचालन, हवाला नेटवर्क और आर्थिक अपराधों का पूरा संगठित तंत्र सक्रिय रुप से काम कर रहा था, लेकिन पुलिस ने सट्टे के काले कारोबार का किला ढहा दिया है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध स्वरूप देने के प्रमाण जुटाते हुए तीन प्रमुख आरोपियों करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 नकद, नोट गिनने की मशीन, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त की गई है। बीते 26 अप्रैल को पुलिस ने रायगढ़ शहर एवं घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश देकर 6 सटोरियों को पकड़ा था। इसमें सोनू देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन 21 कोष्टापारा, हर्षित देवांगन पिता स्व० अनन्त राम 24 कोष्टापारा, भरत गोयल पिता सुभाष गोयल 22 घरघोडा, गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी 26 घरघोडा, लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह 28 घरघोडा और सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता 27 से 7 मोबाइल और 15 हजार 490 जब्त किया गया था। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में धारा 4, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम और घरघोड़ा थाने में धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। प्रारंभिक कार्रवाई में मोबाइल फोन, डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड और नगदी बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने रायगढ़ के खाईवाल करन चौधरी और जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार के इशारे पर पूरे नेटवर्क के संचालन की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल इनपुट, कॉल डिटेल, चैट रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और फाइनेंशियल एनालिसिस के जरिए पूरे सिंडिकेट की परत-दर-परत जांच शुरू की। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कृष्ण प्राइड टावर में रहने वाले पुष्कर अग्रवाल और उसके पिता सुनील अग्रवाल इस पूरे मनी मूवमेंट नेटवर्क के अहम हिस्से थे और सट्टे से प्राप्त ब्लैक मनी को हवाला के जरिए व्हाइट करने का कार्य कर रहे थे। पुलिस ने करन चौधरी से मिली सूचना पर कृष्ण प्राइड टावर स्थित फ्लैट में छापेमार कार्रवाई की, जहां से सुनील अग्रवाल के कब्जे से 50 लाख नकद, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं पुष्कर अग्रवाल के कब्जे से 52 लाख 60 हजार नकद तथा दो मोबाइल जब्त किए गए। इससे पहले करन चौधरी के कब्जे से नगदी और मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक डाटा, चैट रिकॉर्ड, यूपीआई लेनदेन और वित्तीय दस्तावेजों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल सट्टेबाजी नहीं बल्कि एक संगठित आर्थिक अपराध सिंडिकेट के रूप में संचालित हो रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी अपने निजी बैंकिंग या डिजिटल अकाउंट का उपयोग करने के बजाय कर्मचारियों, परिचितों और सहयोगियों के खातों एवं मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके।

#### धारा 111 (संगठित अपराध) का अपराधी भी है करन

करण चौधरी के खिलाफ पूर्व में कोतवाली और चक्रधरनगर थाने में जुआ-सट्टा के 4 मामले दर्ज है। इसके अलावा कोतवाली में करन पर मारपीट, रंगदारी, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित, अपहरण और अन्य गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। पूर्व में आरोपी करन चौधरी के आपराधिक कृत्य पर आदतन बदमाश होने पर प्रतिबंधात्मक धारा 110 और धारा 107,116(3) के तहत कार्रवाई भी की जा चुकी है। लगातार आपराधिक गतिविधियों, आर्थिक लाभ के उद्देश्य से गठित नेटवर्क और सामूहिक अपराध संचालन के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 (संगठित अपराध) भी प्रकरण में जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि फरार अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

#### अभी भी एक आरोपी फरार

फरार आरोपी जसमीत सिंह बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार इस सिंडिकेड की अहम कड़ी है, गुड्डा सरदार आरोपी करन के साथ मिलकर सक्ती, खरसिया, रायगढ़ और रायपुर में ऑनलाइन जुआ खिलाता था, जिसकी गिरफ्तारी से कुछ अहम जानकारी मिलने की संभावना है जिससे और भी आरोपियों की गिरफ्तारी की

#### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

करन चौधरी उर्फ करन अग्रवाल पिता संजय चौधरी 29 निवासी ढिमरापुर चौक, पुष्कर अग्रवाल पिता सुनील अग्रवाल 26 और सुनील कुमार अग्रवाल पिता स्व. सूरजभान 58 निवासी फ्लैट नं 505 कृष्ण प्राइड टावर रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से की गई जब्ती 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद, एक नोट गिनने की मशीन, 4 मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 की संपत्ति जब्त किया गया है।

## ढाई लाख के गांजा तस्करी मामले में 2 दोषी न्यायालय ने सुनाई 10-10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के डोंगरीपाली थाना क्षेत्र में पकड़े गए गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। एनडीपीएस एक्ट की विशेष न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

इस संबंध में लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी ने बताया कि यह मामला 15 जनवरी 2024 का है, जब डोंगरीपाली थाना पुलिस ने सहजबहाल जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 10 एम 9326 से लगभग ढाई लाख कीमत की गांजा बरामद किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ओड़िशा के चकबहाल क्षेत्र से तीन बोरियों में गांजा छिपाकर ला रहे थे। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने बाद में आरोपी सियाराम यादव को 25 मार्च 2024 तथा दूसरे आरोपी सोनभद्र राजवाडे को 5 जून 2024 को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 (बी-2)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस जांच पूर्ण होने के बाद 18 जून 2024 को प्रकरण विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अपर लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी एवं सिद्धेश पटनायक ने साक्ष्यों, दस्तावेजों और गवाहों के आधार पर अदालत में प्रभावी एवं तथ्यपरक पैरवी की। विशेष रूप से अपर लोक अभियोजक तन्मय बनर्जी ने मामले की परिस्थितिजन्य कड़ियों को न्यायालय के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत करते हुए आरोपियों की संलिप्तता प्रमाणित कराई। अभियोजन पक्ष की सशक्त दलीलों के बाद न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि समाज में नशीले पदार्थों की तस्करी गंभीर अपराध है तथा ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 1-1 लाख अर्थदंड की सजा सुनाई।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी अनुसार कर्रापाली निवासी कन्हैया लाल बंजारे 50 साल अपने परिवार और साथियों के साथ किसी काम से अंबिकापुर गए थे। कार में उनकी पत्नी ललिता बंजारे 45 साल, अंजली बंजारे 22 साल, भास्कर बंजारे 12 साल और बसंत गबेल 45 साल भी सवार थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात करीब 3 बजे सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम देहजरी के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी।

## पेट्रोल पंप संचालकों को सीमित मात्रा में ईंधन वितरण का मौखिक निर्देश

- 3 माह की औसत बिक्री के आधार पर तय होगी सप्लाई, जमाखोरी रोकने भी होगी सख्ती



**रायगढ़।** ईरान, ईजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर अब पेट्रोल डीजल पर भी दिखने लगा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने मौखिक तौर पर पेट्रोल पंप संचालकों को सीमित मात्रा में ईंधन के वितरण को लेकर निर्देशित किया है। सूत्र बता रहे कि प्रत्येक पेट्रोल पंप में उसके तीन माह की औसत बिक्री के आधार पर सप्लाई तय की जाएगी, साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जरीकेन और बॉटल आदि में पेट्रोल डीजल की जमाखोरी कर बिक्री पर भी सख्ती की बात कही जा रही है।

पेट्रोल पंप संचालकों की मानें तो बीते कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में फर्क नजर आया है। पहले ऑर्डर करने पर तुरंत आपूर्ति भी अगले ही दिन हो जाती थी, किंतु कुछ दिनों से आपूर्ति में विलंब हो रहा है। वहीं पूर्व में अतिरिक्त स्टॉक के लिए भी गाड़ियां आ जाती थी, लेकिन अब पहले की अपेक्षा कम गाड़ियां आ रही हैं। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि उन्हें इसके मौखिक निर्देश ही मिले हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से कोई लिखित आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। मौखिक तौर पर सीमित मात्रा में ईंधन वितरण को लेकर जारी निर्देश के तहत एक वाहन को एक दिन में अधिकतम 250 लीटर डीजल और एक व्यक्ति को 50 लीटर पेट्रोल देने की सीमा तय की गई है। इस फैसले के बाद परिवहन कारोबारियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ने लगी है। वहीं कुछ अधिकारीगण भी इस बात को कहते नजर आ रहे हैं कि पेट्रोल पंप संचालकों को 90 दिनों की औसत बिक्री के आधार पर ईंधन सप्लाई किया जा रहा है।

#### निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन वितरण पर रोक

सूत्रों की मानें तो पेट्रोलियम कंपनियों ने फ्यूल डिस्ट्रीब्यूशन में लिमिट तय करने की बात कही है। वहीं निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन पर रोक लगाने के निर्देश हैं। मुख्य रूप से डीजल की बिक्री को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। किंतु इस मौखिक निर्देश के बाद से ही अधिकांश पंप संचालकों को उनकी 90 दिनों की औसत बिक्री के आधार पर ईंधन का वितरण किा जा रहा है। जिससे कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने भी इसी आधार पर सीमित वितरण शुरू कर दिया है।

#### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग ड्रम आदि में डीजल की अवैध जमाखोरी कर अधिक कीमतों पर बेचते हैं। ऐसे में जेरीकेन, बॉटल और ड्रम में ईंधन देने पर भी सख्ती बढ़ा दी गई है। पेट्रोल पंप संचालकों को सीधे तौर पर बिना उचित कारण बड़ी मात्रा में डीजल नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नियमों के उल्लंघन की स्थिति में उचित कार्रवाई की भी बात कही जा रही है।

#### परिवहन कारोबार में पड़ेगा असर

पूर्व में किसानों और छोटे कारोबारियों को आसानी से डीजल उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब सीमित वितरण की वजह से परेशानी बढ़ सकती है। वहीं दूसरी ओर डीजल वितरण सीमित होने से ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बस और ट्रक ऑपरेटरों का कहना है कि लंबी दूरी के वाहनों को एक बार में पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से संचालन लागत बढ़ सकती है। इसके साथ ही माल ढुलाई दरों और किराए में बढ़ोतरी की संभावना भी जताई जा रही है।

## तुमीडीह डेम के पास मिली युवती की लाश, दरिंदों ने पत्थर से कुचल दिया पूरा सिर



**रायगढ़।** बीती रात पूंजीपथरा ताना क्षेत्र के तुमीडीह डेम के पास जंगल किनारे एक 20 से 25 वर्षीय अज्ञात युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के तन पर न कपड़े न चेहरे की पहचान। शव की हालत इतनी भयावह थी कि उसकी पहचान कर पाना मुश्किल था। उसके चेहरे को आरोपियों ने पत्थर से कुचल दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पहुंची। प्रथम दृष्टया मामला सुनियोजित और नृशंस हत्या का माना जा रहा है। फिलहाल इसी आधार पर पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई है। जानकारी अनुसार कुछ ग्रामीणों ने डैम किनारे जंगल में एक युवती का शव संदिग्ध हालत में पड़ा देखा। शव औंधे मुंह जमीन पर पड़ा था। जंगल के भीतर नग्न अवस्था में शव मिलने और उसके चेहरे को पत्थर से कुचलने की वजह से ग्रामीणों ने आनन-फानन में इसकी सूचना पूंजीपथरा पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेसिंक की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र करने में जुट गई। खबर फैलते ही मौके पर ग्रामवासियों की भारी भीड़ भी जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए जांच शुरू की और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए घरघोड़ा अस्पताल भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका के शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद आरोपियों ने पहचान छिपाने और सबूत मिटाने की नीयत से कपड़ों को गायब कर दिया।

युवती के गले पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान मिले हैं। वहीं पहचान मिटाने के लिए हत्यारों ने चेहरे को भारी पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतका की उम्र करीब 20 से 22 साल के बीच बताई जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतका की शिनाख्त करना है।

## हाटी में सुशासन तिहार का आयोजन, 875 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



तहसील छाल अंतर्गत ग्राम हाटी में सुशासन तिहार 2026 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति देखने को मिली। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में लगभग 875 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका संबंधित विभागों द्वारा निराकरण एवं पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में मुख्य जनप्रतिनिधि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीनव राठिया उपस्थित रहीं। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी.कर्मचारी भी शिविर में मौजूद रहे। शिविर के दौरान आम नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।

## बिना परमिट सेमर लकड़ी का कर रहे थे परिवहन, भागने से पहले पहुंच गए अफसर, भरे ट्रक छोड़कर फरार हुए तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में बिना परमिशन सेमर लकड़ी तस्करी का मामला सामनें आया है। ट्रक में परिवहन किया जा रहा था। रास्ते में ही राजस्व, पुलिस और वन विभाग की टीम पकड़ लिया। अधिकारियों की टीम को देखकर तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। देर रात की कार्रवाई है, लेकिन अब तक इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है।

बीती रात राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9323 को पकड़ने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई छाल तहसीलदार लोमश मिरी, छाल पुलिस और छाल रेंजर राजेश चौहान की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ से खरसिया की ओर जा रहे एक संदिग्ध ट्रक को रात करीब 10 बजे संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। जांच के दौरान ट्रक में भारी मात्रा में अवैध रूप से ट्रक में सेमर लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। इस लकड़ी परिवहन का कोई दस्तावेज नहीं था। याने बिना ट्रांजिट पास ही लकड़ी का अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को देखते ही ट्रक चालक एवं हेल्पर वाहन की चाबी लेकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद टीम ने ट्रक को जब्त कर लिया और 1980 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया।

#### नंबर प्लेट भी फर्जी

प्रारंभिक जांच में ट्रक की नंबर प्लेट भी संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत हो रही है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है। प्रशासन द्वारा ट्रक मालिक एवं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### मास्टर ट्रेनर ने दिया जनगणना का प्रशिक्षण

**सारंगढ़।** जनगणना कार्य का निरीक्षण एवं टेक्नीकल समस्या के समाधान का ज्ञान देने के लिए जिला मास्टर ट्रेनर भगवान प्रसाद बसंत एवं भरत देवांगन द्वारा पवनी नगर पंचायत सहित भटगांवए बिलाईगढ और सरसींवा के ग्रामीण और नगरीय निकाय के समस्त जनगणना सुपरवाइजर व प्रभारी अधिकारियों का आवश्यक बैठक लेकर उनको जानकारी दी गई और उन्हें तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया गया।

**समक्ष नोटरी, पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती रजनी पटेल पति गोविन्द कुमार पटेल उम्र करीब 32 वर्ष, जाति अघरिया, निवासी वार्ड क्रमांक 14, मकान क्रमांक 122, महुआटिकरा (पालीडीह) पोस्ट पालीडीह, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0) सत्यनिष्ठा पूर्वक प्रतिज्ञान करती हूं और निम्नानुसार घोषणा करती हूं :-

1/यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं और भारत का नागरिक हूं।
2/ यह कि मेरे सभी आधिकारिक दस्तावेजों (जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं विवाह प्रमाण पत्र) में मेरा नाम रजनी पटेल (RAJANI PATEL) दर्ज है।
3/यह कि कुछ दस्तावेजों (आधार कार्ड, पेनकार्ड, मतदाता परिचय पत्र) में गलती से मेरा नाम रजनी पटेल (RAJNI PATEL) दर्ज हो गया है, जबकी मेरा सही नाम रजनी पटेल (RAJANI PATEL) है।
4/ यह कि नाम में अंतर लिपिकीय त्रुटि के कारण हुई है।
5/मैं घोषणा करती हूं कि रजनी पटेल (RAJNI PATEL) और रजनी पटेल (RAJANI PATEL) एक ही व्यक्ति अर्थात स्वयं मुझे संदर्भित करती है।
6/अब से मैं सभी सरकारी, गैर सरकारी, बैंक और अन्य सभी प्रयोजनों के लिए अपने नये नाम रजनी पटेल (RAJANI PATEL) से ही जाना जाऊंगी।
7/मैं यह शपथ पत्र अपने नाम को सही कराने और सभी संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के उद्देश्य से निष्पादित कर रही हूं।

रजनी पटेल
शपथकर्ती

यह कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

-: सत्यापन :-

मैं श्रीमती रजनी पटेल पति गोविन्द कुमार पटेल, जाति अघरिया, निवासी वार्ड क्रमांक 14, मकान क्रमांक 122, महुआटिकरा (पालीडीह) पोस्ट पालीडीह, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0) उपरोक्त कथन कण्डिका क्रमांक 1 से 8 तक को सत्यापित करती हूं कि सभी जानकारी सहीं व सत्य है।

रजनी पटेल
शपथकर्ती

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/2518/ वाचक-2/अपर कले./2026
जशपुर, दिनांक 11/05/2026

सर्व साधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप कुमार पिता श्री चुयूं राम, उम्र 36 वर्ष, जाति उरांव, पता ग्राम पतरापाली, थाना कांसाबेल, तहसील कांसाबेल, जिला जशपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती लेतारेन एक्का पिता श्री विन्यामिन एक्का, उम्र 31 वर्ष, जाति, पता ग्राम बरजोर, थाना कांसाबेल, तहसील कांसाबेल, जिला जशपुर (छ.ग.) द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 15 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके बीच विवाह पंजीयन कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2026 को दोपहर 03:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह पंजीयन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति करना हो तो निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 11.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जशपुर (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त